सं.13023/01/2019-प्रशा-II/ डेस्क-एच-5713

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

8वीं मंजिल, बी-विंग, जनपथ भवन,
जनपथ, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 16 दिसंबर, 2022

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: नवंबर, 2022 मास के लिए मंत्रिमंडल को मासिक विवरण**

अधोहस्ताक्षरी को ऊपर उद्धृत विषय पर संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 17.08.2018 के अर्ध-शासकीय पत्र सं.1/26/2018-मंत्रिमंडल का संदर्भ देने का निदेश हुआ है।

2. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग से संबंधित नवंबर, 2022 मास के लिए मासिक विवरण एतद्द्वारा सूचनार्थ परिचालित किया जाता है।

(प्रमोद कुमार)
निदेशक
दूरभाष: 23350012

**सेवा में,**

**मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य**

प्रति:-

i) भारत सरकार के सभी सचिव (सभी मंत्रालय/विभाग)
ii) अवर सचिव (मंत्रिमंडल), कार्यान्वयन प्रकोष्ठ, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
iii) सचिव(पेंशन) के प्रधान निजी सचिव
iv) तकनीकी निदेशक (एनआईसी): इस विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

## पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

नवंबर, 2022 मास की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:-

नवंबर, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. इस विभाग द्वारा दिनांक 1-30 नवंबर, 2022 के दौरान पेंशनभोगियों/कुटुंब पेंशनभोगियों के 'सुविधापूर्ण जीवन' के लिए और पेंशन संवितरण प्राधिकरणों सहित केंद्र सरकार के सभी पेंशनभोगियों द्वारा जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की विधि के रूप में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी)/फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का उपयोग करने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया था। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और सीजीएचएस केंद्रों को निर्देश दिया गया था कि वे पेंशनभोगियों के 'सुविधापूर्ण जीवन' के लिए विशेष शिविरों का आयोजन कर जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र/फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा दें। 25 लाख के लक्ष्य के तुलना में, 30 नवंबर, 2022 तक केंद्र सरकार के कुल 30.85 लाख पेंशनभोगियों ने डीएलसी का सफलतापूर्वक उपयोग किया है, जिसमें फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से 2.88 लाख डीएलसी जनरेट किए गए हैं। अभियान की प्रगति की निगरानी हेतु, उत्तर में श्रीनगर, दक्षिण में नागरकोइल (कन्याकुमारी जिला) और पूर्व में गुवाहाटी, पश्चिम में अहमदाबाद तक पूरे भारत के विभिन्न शहरों में पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अधिकारियों को नामित किया गया था। भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक द्वारा अभियान स्थलों का आयोजन किया गया था और इस प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए यूआईडीएआई, इंडियन पोस्ट & पेमेंट्स बैंक सहित एनआईसी के अधिकारी अधिकांश स्थानों पर उपस्थित थे। देश के विभिन्न भागों में रहने वाले पेंशनभोगियों ने इस अभियान की व्यापक रूप से सराहना की। फेस ऑथेंटिकेशन ऐप से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, एनआईसी ने तुरंत कार्रवाई की और इसे अपने जीवन प्रमाण ऐप में शामिल किया।

2. डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के संबंध में दिनांक 02.11.2022 को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया था तथा सभी बैंकों और पेंशनभोगी संघों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के लिए एसओपी परिचालित किया गया था।

3. केंद्रीय सिविल सेवा(राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियम, 2021 के अधिसूचित होने से पूर्व राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए सरकारी कर्मचारी के निःशक्त/अशक्त होने पर, मृत्यु होने/सेवामुक्ति की दशा में, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 या केंद्रीय सिविल सेवा(असाधारण पेंशन) नियमावली के अधीन नामनिर्देशिती/सरकारी कर्मचारी को कर्मचारियों का अंशदान वापस करने का प्रस्ताव नियंत्रक और महालेखा परीक्षक कार्यालय के परामर्श पर दिनांक 13.09.2022 को महालेखा नियंत्रक कार्यालय को संदर्भित किया गया है।

**सीपेनग्राम्स**

4. सीपेनग्राम्स में पंजीकृत शिकायतों का सामयिक और गुणात्मक निपटान सुनिश्चित करने के लिए, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दिनांक 21.11.2022 को निदेशक(पीडब्ल्यू) की अध्यक्षता में 05 मंत्रालयों/विभागों/संगठन(अर्थात् गृह मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग तथा कृषि और किसान कल्याण विभाग) के साथ भारत वीसी के माध्यम से अंतर-मंत्रालयी समीक्षा बैठक आयोजित की।

5. इस माह के दौरान, 4462 शिकायतें दर्ज की गई और 4228 का निपटान किया गया। दिनांक 30 नवंबर, 2022 को अंत शेष 3157 है। विस्तृत स्थिति निम्नानुसार है:-

| | दिनांक 01/11/2022 को अग्रानीत | माह के दौरान प्राप्त शिकायतें | माह के दौरान निपटाई गई शिकायतें | एक माह के अंदर निपटाई गई शिकायतें | 31/10/2022 को लंबित कुल शिकायतें |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल | 2923 | 4462 | 4228 | 2026 | 3157 |

**भविष्य पोर्टल**

6. भविष्य, विभाग द्वारा विकसित एक वेब आधारित ऑनलाइन पेंशन संस्वीकृति और भुगतान ट्रैकिंग प्रणाली है। यह प्रणाली सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी और प्रशासनिक प्राधिकारियों दोनों को पेंशन प्रक्रिया की निगरानी करने और विलंब को ट्रैक करने में मदद करती है। प्रशासनिक प्राधिकारियों को विभिन्न पेंशन नियमों के उपबंधों के अनुसार इनबिल्ट ऑटोमेटिक परिकलन से भी लाभ होता है। दिनांक 01.12.2022 की स्थिति के अनुसार, 97 मंत्रालयों/विभागों/शीर्ष निकायों के मुख्य सचिवालय और 817 संबद्ध कार्यालयों में 7920 डीडीओ के माध्यम से भविष्य लागू है। उमंग प्लेटफॉर्म पर एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया है जिसके द्वारा विभिन्न हितधारकों द्वारा 'भविष्य' पर की जा रही कार्रवाई देखी जा सकती है। दिनांक 01.12.2022 की स्थिति के अनुसार, इस प्रणाली के माध्यम से 38400 सेवानिवृत्त होने वाले/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी मामले कार्रवाई के विभिन्न चरणों में है। इसके अतिरिक्त, इस ऐप द्वारा अब तक 179782 पेंशनभोगियों के लिए पीपीओ तैयार किए गए और उन्हें जारी किया गया। 'भविष्य' प्रणाली के माध्यम से नवंबर, 2022 मास में 3214 पीपीओ जारी किए गए। 'भविष्य' को ई-पीपीओ जनरेट करने के लिए पीएफएमएस (PFMS) पेंशन मॉड्यूल के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है।

7. विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों के लिए भविष्य पर पांच (5) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

**अनुभव**

8. अनुभव: मार्च, 2015 में योजना के आरंभ होने के बाद से, 8756 आलेख प्रकाशित किए गए हैं और दिनांक 31.10.2022 तक 'अनुभव पोर्टल' के अंतर्गत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा 4716 आलेख प्रकाशन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। अक्तूबर, 2022 मास में, अनुभव के 24 आलेख प्रकाशित किए गए।

9. इस विभाग ने 22 नवंबर 2022 से एक राष्ट्रव्यापी वेबिनार श्रृंखला "अनुभव पुरस्कार विजेता के विचार" का शुभारंभ किया है। वेबिनार श्रृंखला का उद्देश्य संबंधित हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों के साथ अनुभव साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। वेबिनार श्रृंखला में अपने अनुभव साझा करने और अनुभव पोर्टल पर अपने स्वयं के अनुभवों को डालने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों में जागरूकता लाने/प्रेरित करने के लिए दो अनुभव पुरस्कार विजेता वक्ता के रूप में अपने अनुभव साझा करेंगे। वेबिनार मासिक आधार पर आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन वेबिनार दिनांक 22.11.2022 को आयोजित किया गया था। श्री संतेप्पा के, वैज्ञानिक-एच, रक्षा अनुसंधान और विकास सेवा [अनुभव विजेता, 2020] और सुश्री हेलेन बेसिल, वैज्ञानिक, अंतरिक्ष विभाग [अनुभव विजेता, 2022] ने अपने अनुभव साझा किए। वेबिनार में मंत्रालयों/विभागों/संगठनों में अनुभव पोर्टल से जुड़े अधिकारियों और अगले 3 मास में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों ने भाग लिया। वेबिनार के दौरान लगभग 160 प्रतिभागी उपस्थित थे।

**संकल्प**

संकल्प: 'संकल्प' पहल के अंतर्गत विभाग ने अब तक 48 पूर्व-सेवानिवृत्ति परामर्श (पीआरसी) कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जिनसे 6572 कर्मचारियों को लाभ हुआ है।

**जेम(GeM) के माध्यम से खरीद**

जेम(GeM) के माध्यम से खरीद:- पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नवंबर, 2022 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, फर्नीचर और स्टेशनरी आदि (उत्पादों के लिए आदेश) की आपूर्ति के लिए 1,95,301/- रुपये की राशि के लिए 9 (नौ) आदेश और सेवाओं (अल्प अवधि के लिए वाहनों को किराए पर लेना) के लिए 12,250/- रुपये की राशि के लिए 02 (दो) आदेश जेम के माध्यम से दिए हैं।

*****